माँ तू दे ऐसा वरदान

(भजन रचयिता - डॉ यतेंद्र शर्मा)

पूजत परिवार मेरा मैया, माँ तू दे ऐसा वरदान।
छाया छत्र रहे तेरा, ना महसूस कभी हो घाम॥
पूजत परिवार मेरा मैया, माँ तू दे ऐसा वरदान।
छाया छत्र रहे तेरा, ना महसूस कभी हो घाम॥

तू जगत की पालनहारी, मैं मांगू भीख पसारी।
कृपा रख माँ तू हम पर, कर ले माँ तू पहचान॥
पूजत परिवार मेरा मैया, माँ तू दे ऐसा वरदान।
छाया छत्र रहे तेरा, ना महसूस कभी हो घाम।

माँ भर दे सब की झोली, तेरे द्वार खड़े हैं आन।
मान ले मेरी भक्ति, तेरा होगा बड़ा एहसान॥
पूजत परिवार मेरा मैया, माँ तू दे ऐसा वरदान।
छाया छत्र रहे तेरा, ना महसूस कभी हो घाम॥

माँ मिट जाए इस पल ही, जनम जनम अकुलान।
अमर ख्याति हो सबकी माँ, बढ़ता रहे बस मान॥
पूजत परिवार मेरा मैया, माँ तू दे ऐसा वरदान।
छाया छत्र रहे तेरा, ना महसूस कभी हो घाम॥